# श्री भागवत प्रसाद सिंह बीएड कॉलेज का परीक्षाफल शत-प्रतिशत घोषित



कॉलेज का भवन.



कॉलेज में परिसर में रंगोली बनाती छात्राएं.

**लिपि ने प्रथम, पूनम कुमारी ने द्वितीय और राजेश कुमार रंजन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया**

**प्रतिनिधि** ▷ मदनपुर.

श्री भागवत प्रसाद सिंह मेमोरियल बीएड कॉलेज देव मोड़ के बीएड द्वितीय वर्ष का परीक्षा फल शत प्रतिशत रहा. कॉलेज के सचिव मंटू सिंह ने बताया कि बीएड द्वितीय वर्ष की परीक्षा में लिपि ने 84.46 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, पूनम कुमारी 83.53 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय, राजेश कुमार रंजन ने 83.23 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया. वही संजना कुमारी ने 82.92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चतुर्थ,रेखा कुमारी ने 82. 30 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पांचवा स्थान प्राप्त किया. कॉलेज में सबसे कम अंक मृत्युंजय कुमार ने प्राप्त किया . इनका प्रतिशत अंक 78 .15 रहा. कॉलेज के अध्यक्ष अभय कुमार सिंह ने कहा कि हमारा सदैव यही धेय्य रहता है कि हम विद्यार्थियों को संस्कारयुक्त, गुणवत्तायुक्त शिक्षा के साथ-साथ अनुशासित नागरिक भी बनाएं. उन्होंने कहा कि शिक्षा में गुणवत्ता लाने के लिए समय-समय पर कॉलेज अनुभवी विशेषज्ञों से विद्यार्थियों को रू-ब-रू करवाता रहता है, ताकि वह बेहतर प्रदर्शन कर पाएं. उन्होंने विद्यार्थियों को इस कामयाबी का श्रेय श्री भागवत प्रसाद सिंह मेमोरियल बीएड कॉलेज की प्रबंधन समिति तथा यहां के वातावरण के अलावा विद्यार्थियों एवं सभी प्राध्यापकों की मेहनत एवं अन्य कर्मचारियों व विद्यार्थियों के परिवार वालों को देते हुए अपना आशीर्वाद तथा शुभकामनाएं प्रदान की. वहीं कॉलेज के सचिव अजय सिंह उर्फ मंटू सिंह सभी छात्रों को बधाई देते हुए कहा की भागवत बाबू का सपना था कि अगर हम भारतवर्ष की तरक्की चाहते हैं तो उच्च शिक्षा को ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचाना बेहद आवश्यक है, जिसे भागवत प्रसाद सिंह मेमोरियल बीएड कॉलेज द्वारा स्थापना के समय से ही पूर्ण किया जा रहा है. उन्होंने सभी विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि हमारे विद्यार्थियों ने समय-समय पर अनेक शिक्षा वाले क्षेत्रों में अपने बेहतर परिणामों के चलते ही एक अलग पहचान कायम की है. उन्होंने कहा कि भावी शिक्षक के कंधों पर अनेक जिम्मेदारियां होती है, जिसे वह खुद को रोल मॉडल के तौर पर प्रस्तुत करके ही छात्र-छात्राओं को हौसला अफजाई कर सकता है ,जैसा कि विद्यार्थियों द्वारा अपने शिक्षा में किया गया है. सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की कामना की.

भगवान प्रसाद शिवनाथ प्रसाद बीएड कॉलेज केरा में पूर्व आइएएस अरुण कुमार ने कहा

# पढ़ाई के साथ-साथ लिखने की आदत डालें

प्रतिनिधि, दाउदनगर



## व्यवस्था में जो गैप है, उसे भरना जरूरी

पूर्व मुखिया रितु जायसवाल ने कहा कि व्यवस्था में जो गैप है, उसे भरना जरूरी है. जब हम बेहतर करने आते हैं, तो कई प्रकार की चुनौतियां सामने आती हैं. किसी पर उंगली उठाने से पहले स्वयं की ओर जरूर देखना चाहिए. एक सही राजनीतिज्ञ की राजनीति को ठीक कर सकता है. जब एक ईमानदार राजनीति की आवाज सदन में गूंजता है, तो राज्य व देश में बदलाव होता है. राजनीति में सही लोगों को आगे लाना होगा. राजनीति में सुधार करने के लिए हर वोटर को सबसे पहले अपने आप में सुधार लाना होगा.

उद्घाटन करते पूर्व आइएएस अधिकारी अरुण कुमार व अन्य.

भगवान प्रसाद शिवनाथ प्रसाद बीएड कॉलेज केरा में वर्ष 2022- 24 सत्र का अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें नये सत्र के विद्यार्थियों का स्वागत किया गया. इस कार्यक्रम का उद्घाटन पटना में गंगा घाट पर प्रतियोगी परीक्षा के विद्यार्थियों को निशुल्क शिक्षा प्रदान करने वाले पूर्व आइएस अरुण कुमार, उनकी पत्नी व सिंहवाहिनी पंचायत की पूर्व मुखिया रितु जायसवाल तथा अरुण कुमार के सहयोगी व आरटीआई एक्टिविस्ट देवेंद्र कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप जला कर किया. मौके पर भाजपा के जिला प्रवक्ता, अश्विनी कुमार तिवारी, विद्या निकेतन ग्रुप आफ स्कूल्स के सीइओ आनंद प्रकाश, लोजपा (रामविलास) के नेता महेंद्र पासवान भी मौजूद रहे. पूर्व आइएस अरुण कुमार ने कहा कि यदि शिक्षा व रोजगार देने की क्षमता में वृद्धि हो, तो देश विकसित होगा. स्किल डेवलपमेंट का कार्य किया जा रहा है, लेकिन इस पर ध्यान दिये जाने की जरूरत है. शिक्षकों की पदस्थापना उनकी पंचायत में न कर दूसरे क्षेत्र या अन्य जिलों में किया जाना चाहिए. संबंधित पंचायतों में ही शिक्षकों की पदस्थापना होने से उन पर दबाव नहीं बन पाता है. उन्होंने छात्र-छात्राओं से कहा कि सिर्फ पढ़ाई पर ही ध्यान न दे, बल्कि लिखने की आदत डालें. पढ़ाई के साथ-साथ लिखना भी जरूरी है. अगर, आप नहीं लिखेंगे, तो नहीं सीखेंगे. इसलिए लिखना जरूरी है. कोचिंग संस्थान अब सिर्फ पैसे कमाने का साधन बनकर रह गया है. सबसे अच्छा कोचिंग स्कूल है, जहां छठी से दसवीं तक यदि सही तरीके से पढ़ाई कर लें, तो आगे चलकर विद्यार्थियों को किसी प्रकार की तैयारी करने में किसी प्रकार की कोई कठिनाई नहीं होगी. देवेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि मन को एकाग्र चित्त रखें. आप स्वयं तय करें कि आपका जीवन कैसे चलेगा.

**विद्यार्थियों को दे रहे नयी दिशा :** भगवान प्रसाद शिवनाथ प्रसाद बीएड कॉलेज के सचिव डॉ प्रकाश चंद्रा ने वीआरएस लेने वाले पूर्व आइएएस अधिकारी अरुण कुमार व उनकी पत्नी रितु जायसवाल की प्रशंसा करते हुए कहा कि बिहार के विद्यार्थियों को नयी दिशा देने का कार्य कर रहे हैं. उनका यहां आना गौरवपूर्ण पल है. मौके पर पूर्व विधायक रवींद्र सिंह, पूर्व जिप उपाध्यक्ष संजय सिंह सोम, पूर्व मुखिया राजकुमार शर्मा, पूर्व प्रमुख छोटेलाल प्रसाद, समाजसेवी मुकेश कुमार उर्फ लाल, पूर्व मुखिया रामजीवन पासवान, जदयू नेता ओम प्रकाश पासवान, चिंटू मिश्रा, झोंकी यादव समेत अन्य लोग मौजूद रहे. अतिथियों का स्वागत प्रभारी प्राचार्य पंकज कुमार, व्याख्याता रामचंद्र, अनूप कुमार, अखिलेश कुमार, विनोद कुमार, सत्या कुमारी, बबीता कुमारी, विकास कुमार, संजय विश्वकर्मा आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे. बिहार पुलिस में सब इंस्पेक्टर की परीक्षा पास करने वाली पूर्व जिप अध्यक्ष पंकज पासवान की भांजी सुजाता राज को भी सम्मानित किया गया. बीएड कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की गयी. कार्यक्रम का संचालन उपेंद्र कश्यप ने किया.

## बीएड कॉलेज में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन, अतिथि बोले

# मगध की धरती ज्ञान व गौरव का प्रतीक

- शिक्षा ही विकास की कुंजी है
- शिक्षित नहीं होंगे, तब तक आपका जीवन अधूरा

प्रतिनिधि ▷ औरंगाबाद कार्यालय

औरंगाबाद शहर से चंद दूरी पर स्थित व देव मोड़ से सटे श्री भागवत प्रसाद सिंह मेमोरियल बीएड कॉलेज औरंगाबाद ही नहीं बल्कि आसपास के जिलों में भी शिक्षा का अलख जगा रहा है. यही कारण है कि इस कॉलेज की चर्चा विद्यार्थियों की जुबान पर है. कॉलेज प्रबंधन द्वारा समय-समय पर विद्यार्थियों का हौसला-आफजाई के लिए, कार्यक्रम भी आयोजित किये जाते रहे है. इसी कड़ी में बुधवार को कॉलेज परिसर में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. बतौर मुख्य अतिथि कॉलेज के अध्यक्ष अभय कुमार सिंह ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया. उन्होंने कहा कि मगध की धरती पूजनीय है और यह धरती ज्ञान व गौरव का प्रतीक है. उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि शिक्षा ही विकास की कुंजी है. जब तक आप शिक्षित नहीं होंगे, तब तक आपका जीवन अधूरा है. जिम्मेदारी कंधों पर उठायी जाती है और बोझ पीठ पर. सांसारिक जीवन जीते हुए देशभक्ति व देशप्रेम की भावना को जागृत रखना चाहिए. अध्यक्ष श्री सिंह ने भारत के गौरवशाली इतिहास पर भी प्रकाश डाला. उन्होंने कहा कि शिक्षा की बेहतरी के लिए हर प्रयास कर रहे है. कॉलेज प्रबंधन का पूरा ध्यान है कि विद्यार्थियों को उत्तम दर्जे की शिक्षा दी जाये. कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य जयप्रकाश पाल व देखरेख शिव कुमार वर्मा ने की.




मेडल व प्रशस्ति प्रत्र के साथ स्टूडेंट्स.



कार्यक्रम में मौजूद छात्र.

## मेडल पाकर विद्यार्थियों के खिल उठे चेहरे, कहा सम्मान बढ़ायेगा हौसला

बीएड कॉलेज में सम्मान समारोह के दौरान वैसे विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने बहुत बेहतर किया. कॉलेज प्रबंधन द्वारा लीपि, पूनम कुमारी, राजेश कुमार रजन, नीलम कुमारी, सोनम कुमारी, रेशम कुमारी, कल्पना कुमारी को 10-10 हजार रुपये नगद, मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया. सम्मानित विद्यार्थियों ने कहा कि यह सम्मान उनका हौसला बढ़ायेगा और भविष्य में और बेहतर किया जायेगा. इधर कॉलेज के शिक्षक मोहन सिंह के नेतृत्व में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें टॉप थ्री टीम को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया. इस मौके पर शिक्षक श्याम बिहारी बिंद, वंदना कुमारी, बृजेंद्र कुमार सहित अभिभावक व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे.



कार्यक्रम में मौजूद छात्राएं.

### भागवत प्रसाद सिंह बीएड कॉलेज में हुई प्रतियोगिता

# रंगोली के जरिये दिखायी कला भरे अपनी कल्पना के कई रंग



रंगोली बनाती छात्राएं.



छात्रों ने भी रंगोली में आजमाया हाथ.

**प्रतिनिधि ▷ मदनपुर**

औरंगाबाद जिले के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान व देव मोड़ स्थित भागवत प्रसाद सिंह मेमोरियल बीएड कॉलेज में मंगलवार को रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इस मौके पर विद्यार्थियों ने सुंदर व आकर्षक रंगोली बनायी. इसमें किरण बेदी टीम के गरिमा कुमारी,पूजा कुमारी,स्वीटी कुमारी को प्रथम, पंडित जवाहर लाल नेहरू टीम के रेशमी कुमारी,स्नेहा कुमारी,तमन्ना प्रवीण को द्वितीय व रानी लक्ष्मी बाई टीम के श्वेता कुमारी,साधना कुमारी जुली कुमारी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ. रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन भागवत प्रसाद सिंह बीएड कॉलेज के निर्देशक अभय सिंह के निर्देशन में आयोजित हुयी.इस मौके पर कॉलेज के निर्देशक अभय सिंह ने कहा कि प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों के अंदर छुपी प्रतिभा को बढ़ावा मिलता है और बच्चों में जागरूकता पैदा होती है . रंगोली प्रतियोगिता एक ऐसी कला है जिसके माध्यम से बच्चे अपने विचारों व कल्पनाओं के माध्यम से एक चित्र की उत्पत्ति करते हैं . इससे बच्चों में सोचने व समझने की क्षमता भी बढ़ती है. निर्णायक मंडली में मोहन सिंह ,आनंद कुमार सिंह, शिव कुमार सिंह मौजूद थे. इस दौरान कॉलेज के प्राचार्य जयप्रकाश पाल, श्यामबिहारी , वंदना कुमारी ,ब्रिजेंद्र कुमार ,अभय कुमार, मुकेश कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे.

## त्योहार. घरों में होली की तैयारि

# प्रेम व सामाजिक सद्भाव

प्रतिनिधि | नबीनगर

देव मोड़ स्थित श्री भागवत प्रसाद सिंह बीएड कॉलेज में कॉलेज के अध्यक्ष अभय कुमार सिंह की अध्यक्षता में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया. इसमें शिक्षक, छात्र एवं कर्मचारियों ने भाग लिया. कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया . इससे पहले भारत के पूर्व रक्षा मंत्री मनोहर पर्रिकर के निधन पर शोकसभा का आयोजन किया गया. तत्पश्चात सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई. इस दौरान मुख्य अतिथि पूर्व प्रधानाध्यापक कृष्ण मुरारी सिंह ने कहा कि होली हर्षोल्लास का पर्व है जो प्रेम और सद्भावना की सीख देती है. छात्र पढ़ाई को प्रमुखता देते हुए पर्व -त्योहारों का भी भरपूर आनंद उठाये. कॉलेज के अध्यक्ष अभय कुमार सिंह ने कहा कि हमारे बीच वैचारिक मतभेद नहीं होना चाहिये .

**छात्रों ने शिक्षकों से लिया आशीष**

समारोह के दौरान छात्रों ने शिक्षकों तथा बड़ों से आशीर्वाद प्राप्त किया. आपस में रंग-अबीर लगाकर एक दूसरे के गले मिले. छात्रा चविता कुमारी बेटी बचाओ पर गीत गाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया. निशी, प्रिया, नैना, निशा, वंदना, प्रेमचंद, कविता ने एक से बढ़ कर एक प्रस्तुति देकर सबको भाव विभोर कर दिया. वहीं विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने होली गीत, नृत्य, कविता पाठ कर सभी का उत्साहवर्धन किया. स्वागत गान छात्रा नैना निशा ने प्रस्तुत किया ,जबकि देखरेख विद्यालय के प्राध्यापक विकास कुमार सिंह, स्वागत भाषण आशीष पांडेय एवं धन्यवाद ज्ञापन श्याम बिहारी बिंद ने किया. इस दौरान जयप्रकाश पाल, शिव कुमार, मोहन सिंह, वंदना कुमारी, अभय सिंह, ब्रजेन्द्र कुमार, मुकेश कुमार सहित सभी छात्र -छात्राएं उपस्थित थे.



कार्यक्रम का उद्घाटन करते कॉलेज के अध्यक्ष अभय कुमार सिंह व अन्य .

## होली की उमंग में मर्यादा न भूलें लोग

**औरंगाबाद शहर.** शहर के क्लब रोड स्थित पेंशनर भवन में बिहार पेंशनर समाज द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया . सभी सदस्यों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी . इस दौरान सभापति जगन्नाथ सिंह ने कहा कि होली बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व है . इसे आपस में मिलजुल कर सौहार्दपूर्ण वातावरण मे मनाना चाहिए . खासकर होली के उमंग में अपनी मर्यादा को नहीं भूलना चाहिए . सचिव राजेन्द्र कुमार सिंह, संयुक्त सचिव महेन्द्र सिंह, बली गहलौत समेत अन्य ने कहा कि होली के दौरान लोगों को यह ख्याल रखना चाहिए कि सामाजिक समरसता न बिगड़े . अप्रिय घटना से भी बचना चाहिए . खासकर अफवाहों पर ध्यान नहीं देना चाहिए . कार्यक्रम के अंत में गोवा के मुख्यमंत्री के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर संवेदना प्रकट की . इस मौके पर बिगन बैठा सहित अन्य लोग उपस्थित थे .

# बीएड कॉलेज ने सीटेट पास विद्यार्थियों को किया सम्मानित



अध्यापकों के साथ सीटेट पास विद्यार्थी.

**मदनपुर.** गुरुवार को देव मोड़ स्थित श्री भागवत प्रसाद सिंह मेमोरियल बीएड कॉलेज में सीटेट परीक्षा में सफल हुए दर्जनों छात्र -छात्राओं को सम्मानित किया गया. इस दौरान कॉलेज के अध्यक्ष अभय कुमार सिंह द्वारा सभी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया. उन्होंने कहा कि समाज व शिक्षा को बेहतर बनाने का दायित्व शिक्षक का है. इसलिए उसे अपने कर्तव्यों का निर्वाहन निष्ठा पूर्वक करना चाहिए. उन्होंने शिक्षकों को अपने कर्तव्य का बोध कराते हुए कहा कि तमाम तरह के झांझवातों को पार कर शिक्षक का उद्देश्य बेहतर शिक्षा के प्रति होनी चाहिए. इस दौरान कॉलेज के सचिव अजय सिंह उर्फ मंटू सिंह ने टेट पास हुए सभी छात्रों को उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि शिक्षा एक प्रतिपादन है. उसका मूर्त रूप शिक्षक है. अध्यापक को अपनी गरिमा समझने और चरितार्थ कर दिखाने में वर्तमान परिस्थितियां भी बाधा नहीं पहुंचा सकती.

अध्यापकगण अपनी गुरु महिमा को अपने ही बलबूते बनाए रहे और अपने गौरव का महत्व अनुभव करते हुए बढ़ते चले. इस दौरान सीटेट पास छात्र -छात्राएं अर्चना कुमारी ,हेना, शबनम, राजीव रंजन ने भी अपना -अपना अनुभव बताया और कहा कि बिना परिश्रम कुछ नहीं मिलता. कॉलेज के शिक्षकों से जो मार्गदर्शन मिला है वह परीक्षा में काम आया. कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यापक विकास सिंह एवं संचालन नेहानिशा एवं प्रिया सिंह ने की. कार्यक्रम अध्यापिका वंदना कुमारी, आशीष पांडेय, शिव कुमार, जयप्रकाश पाल सहित अन्य लोग उपस्थित थे.

# आर्ट्स एंड क्राफ्ट प्रतियोगिता में रवींद्रनाथ टैगोर टीम प्रथम



प्रतियोगिता में शामिल छात्राएं.

**प्रतिनिधि** ▷ मदनपुर

श्री भागवत प्रसाद सिंह मेमोरियल बीएड कॉलेज में आर्ट एंड क्राफ्ट कार्यशाला का आयोजन किया गया. प्रतियोगिता आर्ट एंड क्राफ्ट के प्राध्यापक मोहन सिंह की देखरेख में आयोजित की गयीं. इस प्रतियोगिता में कॉलेज के प्रशिक्षु शिक्षकों की दस टीमों ने भाग लिया .जिसमें प्रथम स्थान 'रविंद्रनाथ टैगोर टीम, द्वितीय स्थान अमृता शेरगिल टीम, जबकि तीसरा स्थान जहांगीर टीम को प्राप्त हुआ.छात्राओं को संबोधित करते हुए कॉलेज के अध्यक्ष अभय सिंह ने कहा कि हमें हाथ से बनी हुई चीजें आनी चाहिए जिससे हम अपने आप कुछ चीजें बना सके तथा समाज में अपनी एक अलग पहचान बना सके . इस कार्यशाला में छात्राओं को अपने हाथों के द्वारा बहुत ही सुंदर व सजावटी गुड़िया बनाने की कला सिखायी गयी जो आज हमारे समाज से विलुप्त होती जा रही है . बच्चों ने पूरे उत्साह उमंग के साथ पुरानी संस्कृति को फिर से जीवित करके गुड़िया तैयार की. छात्राओं ने बहुत ही अच्छी -अच्छी पेंटिंग, स्केच व सीनरी बनायी. हाथ से बनी हुई पेंटिंग ऐसी लग रही थी कि वह कोई जीवित तस्वीर है. मोहन सिंह ने कहा कि छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए अपने हाथ से बनी हुई चीजें आना बहुत जरूरी है.

## श्री भागवत प्रसाद सिंह मेमोरियल बीएड कॉलेज के

# बच्चों ने बीएड के रिजल्ट में लहराया परचम

**प्रतिनिधि** ▷ मदनपुर

मगध विश्वविद्यालय बोधगया द्वारा बीएड प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष का परीक्षाफल घोषित कर दिया गया है. जिसमें देव मोड़ स्थित श्री भागवत प्रसाद सिंह मेमोरियल बीएड कॉलेज के छात्रों का जलवा एक बार फिर कायम रहा. इस इस संबंध में जानकारी देते हुए कॉलेज के अध्यक्ष अभय कुमार सिंह ने बताया कि सत्र 2016 -18 वित्तीय वर्ष में कुल 200 विद्यार्थियों में से 132 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किया, जबकि शत प्रतिशत विद्यार्थियों ने डिटेक्शन अंक प्राप्त करने में सफल हुए. उन्होंने बताया कि 86.3 प्रतिशत अंक प्राप्त कर आयशा नईम विद्यालय में प्रथम स्थान पर रही. दूसरा स्थान पर अल्पना कुमारी तथा तृतीय स्थान पर रेशम कुमारी रही. वहीं बीएड प्रथम वर्ष सत्र 2017-19 में 80 प्रतिशत अंक लाकर गौरव कुमार प्रथम स्थान तथा द्वितीय स्थान पर प्रियंका कुमारी एवं तृतीय स्थान पर कुमारी कल्पना, नेहा रानी, पूजा भारती रही. 153 विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक लाकर कॉलेज का नाम रोशन किया है. कॉलेज के अध्यक्ष ने कहा कि यह सब कॉलेज के प्रबंधक समिति सदस्य मेहनती स्टाफ एवं बच्चों के अभिभावकों के दिये गये सहयोग से ही हो सका है.

# सीटीइटी में भागवत प्रसाद सिंह मेमोरियल बीएड कॉलेज के 107 बच्चे हुए सफल

प्रतिनिधि ▷ मदनपुर



रंजना कुमारी



अनुराधा कुमारी



निधि कुमारी

प्रखंड क्षेत्र के देव मोड़ स्थित प्रतिष्ठित श्री भागवत प्रसाद सिंह मेमोरियल बीएड कॉलेज के दो सत्रों के विद्यार्थियों ने एक बार फिर से सीटीईटी की परीक्षा में अपना जलवा कायम रखा. सात जुलाई 2019 को सीबीएसई द्वारा आयोजित केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा में संस्थान से 107 विद्यार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है. जिसमें सबसे अधिक 110 अंक निधि कुमारी, 109 अंक अनुराधा कुमारी व 108 अंक रंजना कुमारी सहित लगभग 30 छात्रों ने 70% से अधिक अंक प्राप्त किया है.

महाविद्यालय में खुशी का माहौल है. कॉलेज के अध्यक्ष अभय कुमार सिंह ने कहा है कि सीटीईटी परीक्षा में छात्रों ने सफलता प्राप्त कर संस्थान व शहर का नाम रोशन किया है. छात्रों के परिणाम का सारा श्रेय संस्थान के शिक्षकों को जाता है जिनके द्वारा दी गयी शिक्षा की वजह से यह सफलता प्राप्त हुई है.

कॉलेज के सचिव अजय कुमार सिंह उर्फ मंटू सिंह ने कॉलेज के प्राध्यापकों को बधाई दी है. उन्होंने कहा कि सुदूर क्षेत्र में बीएड संकाय के शिक्षकों ने बच्चों पर मेहनत की है, जिसका परिणाम सीटीईटी का रिजल्ट है. इस सुदूर क्षेत्र में बीएड जैसे उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की शुरुआत होने से बच्चों में जागृति आयी है. प्राध्यापक विकास कुमार सिंह ने छात्रों की सफलता पर बधाई देते हुए कहा कि यहां के छात्र हमेशा अच्छे करते हैं. क्योंकि, शिक्षकों द्वारा छात्रों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान दिया जाता है. शुरुआत से ही छात्रों में प्रतियोगिता की भावना पैदा की जाती है, जिसका परिणाम है कि इस कॉलेज के 107 बच्चे सीटीईटी की परीक्षा में उत्तीर्ण हुए है.

in Education

# पर्यावरण सुरक्षित, तो हम भी सुरक्षित



पौधा लगाते कॉलेज के अध्यक्ष एवं छात्र-छात्राएं.

**प्रतिनिधि** ▷ मदनपुर

देव मोड़ स्थित श्री भागवत प्रसाद सिंह मेमोरियल बीएड कॉलेज में गुरुवार को पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस दौरान कॉलेज कैंपस में लगभग 150 की संख्या में पौधे लगाये गये. इससे पहले कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा कॉलेज के अध्यक्ष को पौधा देकर स्वागत किया गया. पौधारोपण कार्यक्रम की शुरुआत अध्यक्ष अभय कुमार सिंह ने की. श्री सिंह ने कहा कि जब से दुनिया शुरू हुई है, तभी से इंसान और कुदरत के बीच गहरा संबंध रहा है. पौधों से पेट भरने के लिए फल, सब्जियां और अनाज मिला तो तन ढकने के लिए कपड़ा. पौधा इंसान की जरूरत है. यह जीवन का आधार है. अमूमन सभी मजहबो में पर्यावरण संरक्षण पर जोर दिया गया है. कॉलेज के सचिव मंटू सिंह ने कहा कि बदलते दौर के साथ लोगों का प्राकृतिक से रिश्ता टूटने लगा है. इसका मुख्य कारण बढ़ती आबादी है, जिसके कारण पेड़-पौधे काटे जा रहे है. प्रकृति की ओर लोगों को लौटना पड़ेगा तभी पर्यावरण को सुरक्षित रखा जा सकता है. प्राध्यापक विकास कुमार सिंह ने कहा कि इससे बढ़ कर कोई मित्र नहीं है. पर्यावरण संतुलन के लिए पौधा का होना आवश्यक है; लेकिन हम इस पर अमल नहीं करते. पौधा लगा कर पर्यावरण को सुरक्षित रखें. उन्होंने कहा कि गया, औरंगाबाद एवं नवादा में विगत माह में लगभग 140 लोगों की मृत्यु हिट स्ट्रोक के कारण हुई. जब उसकी समीक्षा की गयी तो पता चला कि हिट स्ट्रोक का हमला उन्हीं जगह पर हुआ जहां भूमि बंजर पड़ी थी. हमें वनों को बचाना जरूरी है. इस मौके पर अध्यापक मोहन सिंह, वंदना कुमारी, उमाशंकर, जयप्रकाश पाल, शिव कुमार, राहुल कुमार, श्याम बिहारी बिंद, दीपक कुमार, छात्रा अनुराधा कुमारी, पूजा कुमारी, अंजली कुमारी, रुखसाना, शिवानी आदि मौजूद थे.

# आदर्शों को अपना कर छात्र सपने को कर सकते हैं पूरा



बीएड कॉलेज में आयोजित जयंती कार्यक्रम में शामिल छात्र-छात्राएं.

## मनायी गयी अबुल कलाम आजाद की जयंती

**प्रतिनिधि** ▷ मदनपुर

देव मोड़ स्थित श्रीभागवत प्रसाद सिंह बीएड मेमोरियल कॉलेज में देश के प्रथम शिक्षा मंत्री एवं महान स्वतंत्रता सेनानी मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती उत्साह के साथ मनायी गयी. कार्यक्रम में विद्यार्थियों व शिक्षकों ने कलाम साहब की तस्वीर पर पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी. इस दौरान उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए आदर्शों का अनुसरण करने पर बल दिया गया. कॉलेज के अध्यक्ष अभय सिंह ने कहा कि वे महान शिक्षाविद् थे. उन्होंने न तो मदरसा और न ही स्कूल में शिक्षा ग्रहण की बल्कि शिक्षा के क्षेत्र में अलग मुकाम हासिल किया. शिक्षा के विकास के लिए उनके द्वारा किये गये कार्यों को भुलाया नहीं जा सकता है. सचिव अजय उर्फ मंटू सिंह ने कहा कि 11 नवंबर 1888 को उनका जन्म हुआ था. उनके जन्मदिन पर शिक्षा दिवस का आयोजन किया जाता है. प्रथम शिक्षा मंत्री के रूप में उन्हें स्वतंत्र भारत का मंत्री बनने का गौरव प्राप्त हुआ था. उनके आदर्शों पर चल कर ही शिक्षा के क्षेत्र में विकास किया जा सकता है. उन्होंने कहा कि कलाम देश के लिए हमेशा धरोहर बने रहेंगे. वे सभी धर्मों के हितैषी थे इस अवसर पर कॉलेज के सभी प्राध्यापक एवं बच्चे उपस्थित थे.

# बाल दिवस के रूप में मनायी नेहरू की जयंती




जयंती समारोह में शामिल प्राध्यापक व प्रशिक्षु शिक्षक.

**प्रतिनिधि** ▷ औरंगाबाद कार्यालय

मदनपुर प्रखंड के देव मोड़ स्थित श्रीभागवत प्रसाद सिंह मेमोरियल बीएड कॉलेज में प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती बाल दिवस के रूप में मनायी गयी. कार्यक्रम की शुरुआत नेहरू की तस्वीर पर माल्यार्पण और केक काट कर हुई. इस दौरान कॉलेज के प्रशिक्षु शिक्षकों ने चाचा नेहरू को याद किया. कॉलेज के अध्यक्ष अभय सिंह ने कहा कि आजादी में पंडित जवाहरलाल नेहरू की भूमिका अहम थी. आजादी के बाद प्रधानमंत्री का दायित्व संभाला और देश में विकास की गति को बढ़ाया. 'देश के विकास में नेहरू की भूमिका' विषय पर परिचर्चा हुई. कॉलेज के सचिव मंटू सिंह ने पंडित नेहरू को आधुनिक भारत के महत्वपूर्ण शिल्पी बताया. उन्होंने कहा कि देश का बच्चा जितना शक्तिशाली होगा देश का युवा उतना ही प्रभावशाली बनेगा. इस दौरान कई प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया. मौके पर कंचन प्रिया, अंजली, नितेश, राजेश राहुल, अभिषेक सहित विद्यालय के सभी प्राध्यापक व प्रशिक्षित शिक्षक मौजूद थे.

# बीएड कॉलेज में उत्साह के साथ मना शिक्षक दिवस



कार्यक्रम में शामिल कॉलेज के अध्यक्ष व अन्य.

**मदनपुर.** देव मोड़ स्थित श्रीभागवत प्रसाद सिंह मेमोरियल बीएड कॉलेज के बहुउद्देशीय भवन में छात्र-छात्राओं ने डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती धूमधाम से मनायी. शिक्षक दिवस के मौके बीएड कॉलेज के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. मौके पर छात्र-छात्राओं ने शिक्षक दिवस पर अपनी बातें रखीं. कार्यक्रम की शुरुआत कॉलेज के अध्यक्ष अभय कुमार सिंह द्वारा डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर की गयी. बारी-बारी से शिक्षकों व छात्र-छात्राओं ने पुष्प अर्पित किया. संबोधित करते हुए श्री सिंह ने कहा कि भारत के पूर्व राष्ट्रपति महान विद्वान के साथ दार्शनिक और उत्कृष्ट शिक्षक थे. छात्र-छात्राओं द्वारा एक से बढ़ कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गयी.

# 75 मीटर लंबे तिरंगे के साथ निकाली यात्रा

**मदनपुर.** देव मोड़ स्थित श्री भागवत प्रसाद सिंह मेमोरियल ट्रस्ट के तत्वावधान में चल रहे बीएड कॉलेज, नर्सिंग और फार्मेसी कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर 75 मीटर लंबा ऐतिहासिक तिरंगा के साथ यात्रा निकाली. यह आयोजन देव मोड़ शिवगंज तक किया गया. 75 मीटर तिरंगा यात्रा अनोखे आकर्षण का केंद्र बना रहा. तिरंगा यात्रा में छात्र-छात्राएं झंडा लहरा कर भारत माता की जय व वंदे मातरम् के नारे लगा



रहे थे. मौके पर बृजेंद्र कुमार, बबलू कुमार, जयप्रकाश पाल, दीपक सिंह, विकास चौबे, सुदामा यादव, वंदना कुमारी, श्रेया गुप्ता, चंदन सिंह, राहुल सिंह, अभय सिंह, पवन सिंह, मोती रंजन, अभिषेक सिंह, रविराज सिंह, सूरज मिश्रा, वर्षा श्रीवास, मोहन सिंह, लालदेव यादव आदि मौजूद रहे.

# बिहार बीएड प्रवेश (सत्र 2020-22)

(अंतिम तिथि : 2 मार्च 20) **अंतिम 3 दिन** (अंतिम तिथि : 2 मार्च 20)

बिहार के तमाम विश्वविद्यालयों के अंतर्गत सभी बीएड कॉलेजों में सत्र 2020-22 में 2 वर्षीय बीएड पाठ्यक्रम में नामांकन के लिए आयोजित B.Ed. CET 2020 में अब केवल 3 दिन शेष हैं। इस वर्ष B.Ed. CET 2020 का आयोजन एल एन मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा कर रहा है।

## आज हीं आवेदन करें : www.bihar-cetbed-lnmu.in

## एनसीटीई से मान्यता प्राप्त बी.एड. संस्थानों की सूची

| NCTE Sl. No. | कॉलेज का नाम | जिला | संपर्क सूत्र |
|---|---|---|---|
| 24 | मां कमला चंद्रिका जी टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज (www.mkcjttc.org) | जहानाबाद | 9973332566 |
| 25 | डॉ. बी. आर. अम्बेदकर कॉलेज ऑफ एजुकेशन (www.drbracoe.com) | गया | 9199467600 |
| 32 | श्री भागवत प्रसाद सिंह मेमोरियल बीएड कॉलेज | औरंगाबाद | 9334117454 |
| 47 | मगध कॉलेज ऑफ एजुकेशन | गया | 9308891881 |
| 56 | तारकेश्वर नारायण अग्रवाल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज (tnabedcollege.com) | भोजपुर | 9507865058 |
| 58 | भगवान प्रसाद शिवनाथ प्रसाद बीएड कॉलेज (www.bpspbedcollege.in) | औरंगाबाद | 9334818458 |
| 61 | ज्ञान प्रकाश कॉलेज ऑफ एजुकेशन | गया | 8210762622 |
| 66 | के. एस. कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल एजुकेशन (www.kalawatitrust.org) | पटना | 7463880991 |
| 74 | रामेश्वर सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज | गया | 9431297239 |
| 181 | स्कॉलर्स कॉलेज ऑफ एजुकेशन (www.scholarsgroupedu.in) | पटना | 18001203269 |
| 182 | देवेन्द्र पाठक सर्वोदय कॉलेज ऑफ एजुकेशन | गया | 7870588641 |
| 194 | मां बच्चन देवी टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज (www.mbdttcollege.com) | नालंदा | 8210549921 |
| 222 | रविकांत पूनम बीएड कॉलेज | नवादा | 9431261961 |
| 224 | बी. एल. बीएड कॉलेज (www.blbedcollege.com) | औरंगाबाद | 7781866910 |
| 229 | चंद्रगुप्त मौर्य कॉलेज ऑफ एजुकेशन (www.cmce.org.in) | पटना | 9334354410 |
| 236 | ज्ञान प्रकाश स्वामी विवेकानंद टीचर्स ट्रेनिंग बीएड कॉलेज (www.gpsvttc.org) | पटना | 9471718216 |
| 237 | रॉयल हेरिटेज कॉलेज ऑफ एजुकेशन (royalheritagecollege.com) | वैशाली | 8873037020 |
| 248 | बैद्यनाथ कॉलेज ऑफ एजुकेशन (www.bgoc.co.in ) | नवादा | 7903823123 |
| 251 | कृष्णा कॉलेज ऑफ टीचर्स एजुकेशन | पटना | 9934521840 |
| 253 | एबीसी कॉलेज ऑफ एजुकेशन (www.abcce.co.in) | पटना | 9065410720 |
| 282 | विवेकानंद VIPF इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन (vivekanandteachereducation.in) | औरंगाबाद | 9934406927 |
| 286 | रिजनल कॉलेज ऑफ एजुकेशन | गया | 9931447040 |
| 290 | हिमालया टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज | पटना | 9334767990 |
| 294 | जी. एस. टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज | पटना | 9304637349 |
| 297 | मां बच्चन देवी बीएड कॉलेज (www.mbdbedcollege.com) | नालंदा | 9199212166 |
| 307 | डॉ. त्रिशुलधारी पांडेय मेमोरियल कॉलेज ऑफ एजुकेशन | नालंदा | 9199648055 |

# भागवत प्रसाद सिंह मेमोरियल बीएड कॉलेज में टॉपरों को किया सम्मानित

प्रतिनिधि, मदनपुर

जिले के प्रतिष्ठित बीएड कॉलेजों में शुमार श्री भागवत प्रसाद सिंह मेमोरियल बीएड कॉलेज में एक समारोह आयोजित कर बीएड प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के परीक्षा में टॉपटेन आने वाले छात्र- छात्राओं को प्रशस्ति पत्र,मेडल व नकद पुरुस्कार से सम्मानित किया गया. सोमवार को आयोजित समारोह का शुभारंभ कॉलेज अध्यक्ष अभय कुमार सिंह व मुख्य अतिथि डॉ शारंगधर सिंह ने फीता काट कर किया.बच्चों को संबोधित करते हुये कॉलेज अध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि इस इलाके में बीएड कॉलेज का होना गौरव की बात है. उनके पिताजी स्वर्गीय भागवत बाबू का सपना था कि इस इलाके में शिक्षा का बेहतर माहौल बने. आज उनके सपनो को श्री भागवत प्रसाद सिंह मेमोरियल बीएड कॉलेज के तमाम प्राध्यापक साकार कर रहे हैं.उन्होंने कहा कि महाविद्यालय के विकास में वे अनवरत लगे हुए हैं ताकि यहां शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्र-छात्राओं को हर सुविधा मिल सके. योग्य शिक्षकों से ही कॉलेज की पहचान होती है. शिक्षक गुणवान छात्रों का निर्माण करते हैं .उन्होंने कहा कि बीएड संकाय के शिक्षकों ने इसे साबित भी किया है .बीएड संकाय का रिजल्ट इसका प्रमाण है. मुख्य अतिथि डॉ सारंगधर सिंह ने कहा कि इस सुदूर क्षेत्र में बीएड जैसी उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की शुरुआत होने से बच्चों में जागृति आयी है .यह कॉलेज अपने स्थापना काल से ही छात्रों का सर्वांगीण विकास करा रही है. उन्होंने कहा कि शिक्षण अधिगम जीवन पर्यंत चलने वाली प्रक्रिया है .इधर कार्यक्रम के दौरान 2018-20 की टॉपर निर्भय कुमार मिश्रा, राहुल कुमार, बबिता कुमारी, प्रिया सिंह, मोहित कुमार शर्मा, अंजली कुमारी, पिंकी कुमारी, रश्मि कुमारी ,नितेश कुमार ,आस्था, राहुल कुमार, अमृत कुमार, संदीप कुमार ,ज्योति कुमारी तथा सत्र 2017-19 के टॉपर अनुराधा कुमारी, नैला शाहीन, नेहा रानी ,अनूप कुमार ,अंशु कुमारी, गौरव कुमार पाठक, कुमारी कल्पना ,मनीषा कुमारी ,सीताराम कुमार ,अंजली कुमारी, आयशा शाहीन, चंदन कुमार, गिन्नी कुमारी ,आकाश कुमार ,मुन्नी कुमारी को प्रशस्ति पत्र व नगद राशि देकर पुरस्कृत किया गया. कार्यक्रम का संचालन अध्यापक विकास सिंह ने किया. इस अवसर पर हर्षा, अंजली, प्रिया ,कंचन, राहुल, राजेश, अनिल, मनु ,प्रफुल्ल ,सुनीता, रजनी, पूनम, विभा ,गुप्तेश्वर, नितेश मिश्रा ने सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर शिक्षकों ,अभिभावकों व छात्र-छात्राओं को मंत्रमुग्ध कर दिया. दहेज प्रथा पर जब छात्र-छात्राओं ने भावात्मक गीत की प्रस्तुति दी तो सभी की आंखों में आंसूओं का सैलाब उमड़ गया. छात्र-छात्राओं ने उक्त प्रस्तुति से समाज पर दहेज को लेकर कड़ा प्रहार किया .जिसे सभी लोगों ने सराहा .कॉलेज के छात्र -छात्राओं ने डेंजर विवाह नामक हास्य नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया,जिस पर सभी हंसते -हंसते लोटपोट हो गये. मौके पर कॉलेज के प्राध्यापक राहुल कुमार, जयप्रकाश पाल ,शिवकुमार ,आशीष कुमार पांडेय, दीपक कुमार सिंह, वंदना सिंह, विकास कुमार चौबे ,मोहन सिंह ,सोनी कुमारी ,अभय कुमार ,मुकेश कुमार, ब्रजेंद्र साहू सहित सैकड़ों विद्यार्थी व अभिभावक मौजूद थे.



कॉलेज अध्यक्ष के साथ सम्मानित विद्यार्थी .



कार्यक्रम में शामिल छात्र- छात्राएं व अभिभावक .

# भागवत प्रसाद सिंह मेमोरियल बीएड कॉलेज में वेबिनार का हुआ आयोजन

**प्रतिनिधि, मदनपुर**

देव मोड़ स्थित जिले के प्रतिष्ठित संस्थान श्री भागवत प्रसाद सिंह मेमोरियल बीएड कॉलेज में महात्मा गांधी काउंसिल ऑफ रूरल एजुकेशन डिपार्टमेंट ऑफ हायर एजुकेशन मिनिस्ट्री ऑफ एजुकेशन गवर्नमेंट ऑफ इंडिया द्वारा एक दिवसीय वेबिनार का आयोजन किया गया. इस वेबिनार का मुख्य विषय स्वच्छता एक्शन प्लान एंड साइकोसोशल सपोर्ट कोविड कंडीशन था. कॉलेज के प्राध्यापक जयप्रकाश पाल ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की. मुख्य वक्ता मिनिस्ट्री ऑफ एजुकेशन कि रिसोर्स पर्सन अंकिता कुमारी ने वेबिनार के विषय पर प्रकाश डाला. बताया कि वर्तमान परिपेक्ष में कोविड-19 महामारी ने जिस प्रकार से जनजीवन को प्रभावित किया है उसके लिए जागरूकता की आवश्यकता है. उन्होंने यह अनुरोध किया कि सभी छात्र -छात्राएं वॉलिंटियर की भूमिका अदा करें उसके अतिरिक्त कॉलेज के प्राध्यापक वंदना कुमारी, आशीष पांडेय, दीपक सिंह, शिव कुमार, विकास चौबे , राहुल कुमार ने भी विषय वस्तु पर प्रकाश डाला .वेबिनार के अंत में आयोजक सचिव विकास सिंह ने स्वच्छता एक्शन प्लान का सार प्रस्तुत किया. उन्होंने बताया कि कोविड-19 महामारी के समय प्रत्येक व्यक्ति को मनोसामाजिक सहयोग की आवश्यकता है . उन्होंने कहा कि यह वेबिनार प्रधानमंत्री के एक लाख वॉलंटियर बनाने की भूमिका पर आधारित है .कॉलेज के अध्यक्ष अभय कुमार सिंह ने हर्ष प्रकट करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन हमारे संस्थान के लिए गर्व की बात है. इसके द्वारा हमारे छात्र -छात्राओं का सर्वांगीण विकास संभव है इस वेबिनार में कॉलेज के लगभग 245 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया एवं अपने विचार रखे.







क्षारोपण करते कॉलेज के शिक्षक.

कॉलेज को उपलब्धि हासिल हुई है. डीएम ने कॉलेज के साथ-साथ अध्यक्ष व शिक्षकों व विद्यार्थियों की सराहना की. कहा कि ग्लोबल वार्मिंग से पूरे विश्व पर खतरा मंडरा रहा है.ऐसे में कॉलेज द्वारा किया गया पहल बेहद ही सराहनीय है. वैसे डिस्ट्रिक्ट ग्रीन चैंपियन सर्टिफिकेट भारत सरकार द्वारा जारी किया गया है और इसी पुरस्कार से कॉलेज को नवाजा

शहर से लेकर गांव-गांव तक हजारों लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया. अध्यक्ष ने बताया कि दो साल पहले तत्कालीन जिलाधिकारी राहुल रंजन और एसपी दीपक बर्णवाल ने कॉलेज से संबंधित अभियान की शुरुआत की थी. यह अभियान थमने वाला नहीं है, बल्कि अब दोगुने उत्साह से इस अभियान को आगे बढ़ाया जाएगा.

# जागरूकता अभियान में भागवत प्रसाद बीएड कॉलेज को मिला पहला पुरस्कार



कॉलेज अध्यक्ष अभय कुमार सिंह को सम्मानित करते डीएम.



पौधारोपण करते कॉलेज के शिक्षक.

**प्रतिनिधि, औरंगाबाद कार्यालय**

जिले में प्रतिष्ठित बीएड कॉलेजों में एक श्री भागवत प्रसाद सिंह मेमोरियल बीएड कॉलेज को पूरे बिहार में पौधारोपण, स्वच्छता और जागरूकता अभियान को लेकर पहला पुरस्कार दिया गया है.सोमवार को जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल ने अपने कार्यालय कक्ष में कॉलेज के अध्यक्ष अभय कुमार सिंह को पुरस्कार से संबंधित पत्र देकर सम्मानित किया. पता चला कि पौधारोपण,स्वच्छता व जागरूकता अभियान को लेकर पूरे बिहार में 13 शिक्षण संस्थानों का चयन हुआ था,जिसमें 12 संस्थान सरकारी थे.यानी की निजी शिक्षण संस्थानों में श्रीभागवत प्रसाद सिंह मेमोरियल बीएड कॉलेज को उपलब्धि हासिल हुई है. डीएम ने कॉलेज के साथ-साथ अध्यक्ष व शिक्षकों व विद्यार्थियों की सराहना की. कहा कि ग्लोबल वार्मिंग से पूरे विश्व पर खतरा मंडरा रहा है.ऐसे में कॉलेज द्वारा किया गया पहल बेहद ही सराहनीय है. वैसे डिस्ट्रिक्ट ग्रीन चैंपियन सर्टिफिकेट भारत सरकार द्वारा जारी किया गया है और इसी पुरस्कार से कॉलेज को नवाजा भी गया. इधर जानकारी मिली कि पिछले दो वर्षों में कॉलेज अध्यक्ष के प्रयास से शिक्षकों व विद्यार्थियों ने विभिन्न जगहों पर 15 हजार से अधिक पौधे लगाये गये.यही नहीं पौधों की रखवाली भी की गयी. दस हजार से अधिक पौधे कॉलेज द्वारा बांटे भी गये. इसके अलावे स्वच्छता अभियान भी चलाया गया. शिक्षकों व विद्यार्थियों ने शहर से लेकर गांव-गांव तक हजारों लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया. अध्यक्ष ने बताया कि दो साल पहले तत्कालीन जिलाधिकारी राहुल रंजन और एसपी दीपक वर्णवाल ने कॉलेज से संबंधित अभियान की शुरूआत की थी. यह अभियान थमने वाला नहीं है,बल्कि अब दोगुने उत्साह से इस अभियान को आगे बढ़ाया जायेगा.

- **जिलाधिकारी ने कॉलेज अध्यक्ष को दिया सम्मान पत्र**
- **कॉलेज के विद्यार्थियों ने 15 हजार से अधिक लगाये पौधे**

# बीएड फर्स्ट इयर की परीक्षा में भागवत प्रसाद मेमोरियल बीएड कॉलेज का रहा दबदबा

प्रतिनिधि, मदनपुर

देव मोड़ स्थित जिले के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान श्रीभागवत प्रसाद सिंह मेमोरियल बीएड कॉलेज के छात्रों का मगध विश्वविद्यालय के बीएड प्रथम इयर की परीक्षा में छात्रों का पूरा दबदबा रहा. छात्र सौरभ कुमार 88.61% अंक लाकर कॉलेज में प्रथम स्थान प्राप्त किया.

दूसरे स्थान पर 88.30% अंक प्राप्त कर अर्चना कुमारी व तीसरे स्थान पर 88% अंक लाकर कंचन कुमारी रही. इसके



सौरभ कुमार.



अर्चना कुमारी.



कंचन कुमारी.

अलावा कॉलेज के सभी छात्र डिस्टिंक्शन मार्क्स प्राप्त करने में सफल हुए. कॉलेज के अध्यक्ष अभय कुमार सिंह ने बताया कि कॉलेज का शत-प्रतिशत परिणाम रहा, जिसका श्रेय कॉलेज के शिक्षकों व अन्य कर्मचारियों को जाता है. सभी छात्र-छात्राओं की उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं. कॉलेज के विद्यार्थी व शिक्षक परिश्रम कर कॉलेज का नाम रोशन कर रहे हैं.

# श्रीभागवत प्रसाद सिंह मेमोरियल बीएड कॉलेज में ईपीसी का प्रयोगात्मक कार्य हुआ प्रारंभ

**सभी प्रशिक्षु एवं अध्यापक भावनात्मक रूप से आपस में जुड़ेंगे**

प्रतिनिधि, मदनपुर

शनिवार से जिले के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों में शामिल श्रीभागवत प्रसाद सिंह मेमोरियल बीएड कॉलेज में बीएड प्रथम वर्ष की ईपीसी-01 का प्रयोगात्मक कार्य प्रारंभ हुआ. प्रयोगात्मक कार्य के प्रत्याशियों ने पाग विज्ञान की व्यवस्था करायी, जिसमें 10 शिक्षकों ने कॉलेज के सभी प्राध्यापक एवं अन्य कर्मचारियों को भोजन कराया.कॉलेज के अध्यक्ष [illegible] कुमार सिंह ने प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि सभी प्रशिक्षु एवं अध्यापक भावनात्मक रूप से आपस में जुड़ेंगे एवं सामाजिक कार्य में बढ़चढ़ कर भाग लेंगे. प्रयोगात्मक कार्य के प्रथम दिवस पर मुख्य अतिथि रहे सुनील सौरभ ने कहा कि इस प्रकार का कार्यक्रम किसी संस्थान के लिए गौरव की बात है. इससे कॉलेज में आपसी प्रेम एवं सौहार्द बढ़ता है. पाग विज्ञान के कार्यक्रम में राहुल कुमार शर्मा, शिवशंकर, आदित्य राज, अंकित राज, रवि कुमार, आलोक कुमार, रेनू कुमारी, पूनम कुमारी, नेहा, शबनम, स्वीटी कुमारी, अंशु प्रिया, अंजली कुमारी, अंजली पांडेय, रागिनी राज एवं अन्य प्रशिक्षुओं ने एक-एक लजीज भोजन बना कर उपस्थित शिक्षक एवं कर्मियों को मंत्रमुग्ध कर दिया.



प्रयोगात्मक कार्य मे शामिल छात्राएं व शिक्षक.

# महिलाएं पूरे ब्रह्मांड में लहरा रहीं नारी शक्ति का परचम

**प्रतिनिधि, मदनपुर**


देव मोड़ स्थित श्री भागवत प्रसाद सिंह मेमोरियल बीएड कॉलेज में महिला सशक्तीकरण विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. प्रतियोगिता में पक्ष व विपक्ष में कुल 31 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया. छात्राओं ने नारी की गरिमा बनाये रखने के लिए अत्याचार और शोषण के विरुद्ध खड़े रहने की बात कही. छात्राओं ने कहा कि आज महिलाएं घर, परिवार, समाज, प्रदेश व देश के उत्थान में महती भूमिका निभा रही है. नारी अब चूल्हा चौके से ऊपर उठ कर अंतरिक्ष तक पहुंच गयी है. हर क्षेत्र में लड़कियां लड़कों से बेहतर कर रही है. राजनीति व प्रशासन में बेटियां ऊंचे पदों पर आसीन है. आज महिलाएं पूरे ब्रह्मांड में नारी शक्ति का परचम लहरा



वाद विवाद प्रतियोगिता में शामिल छात्र-छात्राएं.

रही है. नारी से ही समाज है विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता में पक्ष में प्रथम स्थान पर बीएड प्रथम वर्ष की ज्योति कुमारी व स्वीटी कुमारी, द्वितीय स्थान पर अंशु प्रिया व तृतीय स्थान पर नेहा शबनम व रेणु कुमारी रही. वहीं विपक्ष में प्रथम स्थान पर सौरभ कुमार, दूसरे स्थान पर रविरंजन कुमार व तीसरे स्थान पर आदित्य राज व आलोक कुमार रहे. कॉलेज के अध्यक्ष अभय सिंह ने कहा कि वाद विवाद प्रतियोगिता से छात्र-छात्राओं का सर्वांगीण विकास होता है. छात्रों के बीच तर्क वितर्क की भावना जागृत होती है. हमारे यहां लड़की को बचपन से ही क्षमा, दया, भय, लज्जा, सहनशीलता, आज्ञाकारी जैसे गुणों को अपनाने की शिक्षा दी जाती है, जबकि लड़कों को बहादुरी मजबूती ताकत भावनाओं से परे तर्कसंगतता से जोड़ा जाता है. कुल मिला कर अगर देखें, तो दोनों के समाजीकरण में बहुत अंतर होता है. उन्होंने कहा कि नारी हमेशा अपराजित थी है और रहेगी. पुरुष वर्ग को चाहिए कि महिलाओं को भी समान अवसर प्रदान करें. उनका हौसला अफजाई करें. महिलाओं को समान अवसर देने से ही देश व समाज आगे बढ़ेगा. कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका में अध्यापक शिव कुमार, दीपक सिंह एवं बन्ना कुमारी जबकि संचालन विकास सिंह ने किया. इस मौके पर आशीष पांडेय, राहुल कुमार, जयप्रकाश पाल एवं विकास चौबे मौजूद थे.

# शैक्षणिक परिभ्रमण से होता है बौद्धिक व मानसिक विकास



बस को हरी झंडी दिखा कर रवाना करते कॉलेज के सचिव अजय उर्फ मंटू सिंह व अन्य.

**प्रतिनिधि, मदनपुर**

देव मोड़ स्थित जिले के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों में एक श्रीभागवत प्रसाद सिंह मेमोरियल बीएड व नर्सिंग कॉलेज के छात्र -छात्राएं परिभ्रमण के लिए रवाना हुए. गुरुवार को महाविद्यालय के सचिव अजय सिंह उर्फ मंटू सिंह ने हरी झंडी दिखाकर शैक्षणिक परिभ्रमण के लिए उन्हें सासाराम के लिए रवाना किया. पता चला कि शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को अध्यापकों के मार्गदर्शन में विभिन्न क्षेत्रों में जाकर वहां के ऐतिहासिक, शैक्षिक ,धार्मिक ,सांस्कृतिक ,सामाजिक एवं आर्थिक गतिविधियों को नजदीक से जानना व समझना है. विद्यार्थी स्वविवेक से ज्ञान का आत्मसात भी करेंगे. छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कॉलेज के सचिव ने कहा कि शिक्षा का जीवन में बहुत बड़ा महत्व है . शैक्षणिक परिभ्रमण से छात्रों के अंदर बौद्धिक ,मानसिक और शारीरिक क्षमता का विकास होता है. वर्तमान समय में छात्रों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ प्रायोगिक ज्ञान की भी आवश्यकता है .कॉलेज के अध्यक्ष अभय कुमार सिंह ने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण से छात्रों को संबंधित स्थलों के ऐतिहासिक व भौगोलिक महत्व से अवगत होने का अवसर प्राप्त होता है .

**ऐतिहासिक व धार्मिक स्थलों को देख प्रफुल्लित हुए छात्र -छात्राएं** : सासाराम स्थित पायलट बाबा आश्रम, शेरशाह मकबरा और ताराचंडी मंदिर को देखकर छात्र-छात्राएं प्रफुल्लित नजर आये, निक्की प्रिया ,विनीता ,सुप्रिया, अंजलि ,सुनीता, हर्षा रानी, नेहा निशा, प्रिया ,प्रियांशु ज्योति ,आलोक कुमार, मुकेश कुमार, आयुष कुमार, अंबर मिश्रा ,अभिषेक कुमार आदि छात्र-छात्राओं ने बताया कि परिभ्रमण से इतने अधिक लाभ होते हैं कि सभी का आसानी से वर्णन नहीं किया जा सकता. युवा वर्ग के लिए परिभ्रमण शिक्षा का अंग है ,जबकि बड़े लोगों को इससे अनुभव मिलता है. परिभ्रमण से जो हम सीखते हैं उसे पुस्तकों से सीखना कठिन होता है, क्योंकि सीखने में आंख की भूमिका अन्य ज्ञानेंद्रियों की तुलना में सबसे अधिक होती है . परिभ्रमण हमारे किताबी ज्ञान में वृद्धि करता है . मौके पर आशीष पांडेय, राहुल कुमार, पंकज मिश्रा ,सूरज मिश्रा ,शिव कुमार ,विकास चौबे, अभय सिंह, मोहन सिंह ,वंदना कुमारी, वर्षा द्विवेदी, वर्षा, मुकेश सिंह ,बबलू कुमार, धीरेंद्र कुमार, नीतीश कुमार यादव सहित अन्य छात्र-छात्राएं उपस्थित थे.


मध्य रेल

विदा सूचना

-75/ऑक 2020-21/चुना
मंडल। मंडल रेल प्रबंधक/
एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये
तथा वित्तीय एवं तकनीकी
के साथ -साथ उन ठेकेदारों
निर्माण विभाग, भारत संचार
इंजीनियर सर्विस, लोक
अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में

# श्री भागवत प्रसाद सिंह मेमोरियल बीएड कॉलेज में सूक्ष्म शिक्षण की कक्षाएं प्रारंभ

**मदनपुर.** जिले के प्रतिष्ठित बीएड कॉलेजों में शुमार व देव मोड़ स्थित संचालित श्रीभागवत प्रसाद सिंह मेमोरियल बीएड कॉलेज में सूक्ष्म शिक्षण की कक्षाएं प्रारंभ हो गयी है .प्रशिक्षण के पहले दिन विषय विशेषज्ञ प्राध्यापक विकास सिंह ने प्रशिक्षुओं को सूक्ष्म शिक्षण के महत्व, आवश्यकता एवं चक्र पर विस्तारपूर्वक व्याख्यान दिया. प्राध्यापक दीपक सिंह ने बताया कि 100 दिन के सूक्ष्म शिक्षण प्रशिक्षण के बाद प्रशिक्षुओं को विद्यालय इंटर्नशिप के लिए भेज दिया जायेगा. प्राध्यापक आशीष पांडेय, राहुल कुमार ,विकास चौबे, शिव कुमार तथा बंदना कुमारी ने सूक्ष्म शिक्षण कौशल पर अपना प्रभावपूर्ण व्याख्यान दिया . प्रशिक्षुओं में बीएड प्रथम वर्ष, द्वितीय वर्ष व डीएलएड प्रथम वर्ष द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे.

# भागवत प्रसाद सिंह मेमोरियल बीएड कॉलेज के विद्यार्थियों ने चलाया स्वच्छता अभियान

मदनपुर. देव मोड़ स्थित प्रतिष्ठित संस्थान श्रीभागवत प्रसाद सिंह मेमोरियल बीएड कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने आजादी के अमृत महोत्सव के तहत देव में स्वच्छता अभियान चलाया. छात्र-छात्राओं ने देव सूर्य मंदिर, सूर्यकुंड तालाब व पाताल गंगा परिसर की महाविद्यालय के प्रशिक्षुओं ने साफ-सफाई की. सबसे पहले प्रशिक्षुओं ने देव मंदिर परिसर की सफाई की. इसके बाद सूर्य कुंड तालाब पर पहुंच कर अभियान चलाया. सभी प्रशिक्षुओं ने कार्यक्रम प्रभारी के निर्देश पर अनुशासन में रह कर स्वच्छता अभियान चलाया. फिर सभी पताल गंगा पहुंचे तथा सफाई की. बीएड कॉलेज के प्रशिक्षुओं ने देव में स्वच्छता का संदेश भी दिया. वहीं अन्य लोगों को साफ-सफाई पर ध्यान देने के लिए प्रेरित किया. कॉलेज के अध्यक्ष अभय कुमार सिंह ने कहा कि स्वच्छता हमारे जीवन का अंग है. उसे अपने व्यवहार में सभी को उतारना चाहिए. कार्यक्रम संचालक मुकेश प्रसाद के दिशा निर्देश में कार्यक्रम किया गया. कार्यक्रम को सफल बनाने में ब्रज़ेन्द्र कुमार समेत अन्य की महत्वपूर्ण भूमिका रही. इसके अलावा शिक्षक राहुल कुमार, आशीष पांडेय, विकास चौबे, वंदना कुमारी, विकास सिंह, जयप्रकाश पाल, मोहन सिंह, शिवकुमार दीपक एवं कॉलेज के अन्य कर्मचारी ने सहयोग किया. प्रशिक्षु अनुराधा कुमारी, कमर जहां, प्रीति कुमारी, ज्योति गुप्ता, मेनका कुमारी, अंजली कुमारी, आलोक कुमार, अंकित राज, राहुल, शिव शंकर, धर्मेंद्र, रवि रंजन, रवि प्रजापति, मुकेश, मुजम्मिल, सुरेंद्र तथा अन्य प्रशिक्षुओं ने तालाब परिसर के आसपास साफ-सफाई की.



स्वच्छता अभियान चलाते कॉलेज के छात्र-छात्राएं.

# अमृत महोत्सव के तहत चला स्वच्छता अभियान

जासं, औरंगाबाद : देव मोड़ स्थित भागवत प्रसाद सिंह मेमोरियल बीएड कालेज द्वारा बुधवार को आजादी के अमृत महोत्सव के तहत सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान देव मंदिर, सूर्य कुंड तालाब व पाताल गंगा परिसर में महाविद्यालय के प्रशिक्षुओं द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया।

सर्वप्रथम प्रशिक्षुओं ने देव मंदिर परिसर व सूर्यकुंड तालाब व पाताल गंगा की विधिवत सफाई की। कार्यक्रम प्रभारी के निर्देश पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। प्रशिक्षु अनुराधा कुमारी, रेणू गुप्ता, कमर जहां, प्रीति कुमारी, अंकित राज, राहुल, शिवशंकर, धर्मेंद्र, रविरंजन, रवि प्रजापति, मुकेश, मोजम्मिल, सुरेंद्र सहित द्वारा सफाई अभियान चलाया। वहीं कालेज के प्रशिक्षुओं द्वारा स्वच्छता से संबंधित नारे लगाए गए। जिसे पूरा देव बाजार गुंजायमान हो उठा।




स्वच्छता अभियान में शामिल कालेज के शिक्षक व छात्र-छात्राएं। • जागरण

## कालेज को डिस्ट्रिक्ट ग्रीन चैंपियन अवार्ड से किया गया सम्मानित, स्वच्छता हमारे जीवन का अंग : अध्यक्ष

9 अगस्त को शिक्षा मंत्रालय द्वारा इस कालेज को डिस्ट्रिक्ट ग्रीन चैंपियन अवार्ड से सम्मानित भी किया जा चुका है। डीएम सौरभ जोरवाल ने कालेज के अध्यक्ष को सम्मानित किया है। कालेज के अध्यक्ष अभय कुमार सिंह ने शिक्षकों व प्रशिक्षुकों को बताया कि स्वच्छता हमारे जीवन का अंग है उसे अपने जीवन में उतारें। कार्यक्रम का संचालन मुकेश सिंह के दिशा निर्देश में हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में ब्रजेंद्र कुमार का महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस मौके पर कालेज के शिक्षक राहुल कुमार, आशीष पांडेय, विकास चौबे, वंदना कुमारी, विकास सिंह, जयप्रकाश पाल, मोहन सिंह, शिवशंकर, दीपक सिंह सहित कर्मचारी अभय कुमार, लालदेव यादव, नागेंद्र प्रधान सहित शामिल रहे।

# के छात्रोंने चलाया स्वच्छता अभियान




देव मोड़ स्थित प्रतिष्ठित संस्थान श्रीभागवत प्रसाद सिंह मेमोरियल -बीएड कॉलेज के छात्र - छात्राओं चलाया स्वच्छता अभियान।

मदनपुर। देव मोड़ स्थित प्रतिष्ठित संस्थान श्रीभागवत प्रसाद सिंह मेमोरियल - बीएड कॉलेज के छात्र - छात्राओं ने आजादी के अमृत महोत्सव के तहत देव में स्वच्छता अभियान चलाया। छात्र छात्राओं ने देव सूर्य मंदिर, सूर्यकुंड तालाब व पाताल गंगा परिसर की महाविद्यालय के प्रशिक्षुओं ने साफ सफाई की।

सबसे पहले प्रशिक्षुओं ने देव - मंदिर परिसर की सफाई की। इसके बाद - सूर्य कुंड तालाब पर पहुंच कर अभियान चलाया. सभी प्रशिक्षुओं ने कार्यक्रम प्रभारी के निर्देश पर अनुशासन में रह कर स्वच्छता अभियान चलाया। फिर सभी पताल गंगा पहुंचे तथा सफाई की.बीएड कॉलेज के प्रशिक्षुओं ने देव में स्वच्छता का संदेश भी दिया ' कॉलेज के अध्यक्ष अभय कुमार सिंह ने है, उसे अपने व्यवहार में सबको उतारना चाहिए. कार्यक्रम संचालक मुकेश प्रसाद के दिशा निर्देश में कार्यक्रम किया गया. कार्यक्रम को सफल बनाने में ब्रजेन्द्र कुमार समेत अन्य की महत्वपूर्ण भूमिका रही. इसके अलावा शिक्षक राहुल कुमार, आशीष पांडेय, विकास चौबे, वंदना कुमारी, विकास सिंह, जयप्रकाश पाल, मोहन सिंह, शिवकुमार दीपक एवं कॉलेज के अन्य कर्मचारी ने सहयोग किया. प्रशिक्षु अनुराधा कुमारी, कमर जहां, प्रीति कुमारी, ज्योति गुप्ता, मेनका कुमारी, अंजली कुमारी, आलोक कुमार, अंकित राज, राहुल, शिव शंकर, धर्मेंद्र, रवि रंजन, रवि प्रजापति, मुकेश, मुजम्मिल, सुरेंद्र तथा अन्य प्रशिक्षुओं ने। तालाब परिसर के आसपास साफ - सफाई की।



छात्र-छात्राओं के साथ कॉलेज अध्यक्ष अभय सिंह .

# श्री भागवत प्रसाद सिंह मेमोरियल बीएड कॉलेज में धूमधाम से मना शिक्षक दिवस

**मदनपुर .** देव मोड़ स्थित श्रीभागवत प्रसाद सिंह मेमोरियल बीएड कॉलेज में रविवार को शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया . कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के अध्यक्ष अभय सिंह ने डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया . तत्पश्चात प्रशिक्षुओं ने गुरुजनों को तिलक आरती व पुष्पों की वर्षा कर अनेक प्रकार के उपहार भेंट कर सम्मानित किया . अध्यक्ष ने कहा कि शिक्षक दिवस आयोजन कर एक महान शिक्षाविद , दार्शनिक व संपूर्ण समाज के श्रेष्ठ प्रतिनिधि सर्वपल्ली राधाकृष्णन को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मुझे असीम प्रसन्नता हो रही है . कार्यक्रम को विकास सिंह, जयप्रकाश पाल, वंदना कुमारी, मोहन सिंह, शिव कुमार, आशीष पांडेय, राहुल कुमार, चंदन कुमार , दीपक सिंह, अभय कुमार, मुकेश कुमार, ब्रजेंद्र कुमार ने भी संबोधित किया . कार्यक्रम का संचालन आदित्य राजवंश, स्वीटी कुमारी ने किया . मौके पर शिक्षक शिक्षकेत्तर कर्मचारी बीएड प्रशिक्षु मौजूद थे . आभार प्रकट विकास सिंह ने किया .

प्रशिक्षुओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों को किया मंत्रमुग्ध

शिक्षक दिवस के मौके पर प्रशिक्षुओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के जरिये समारोह को यादगार बना दिया . मौके पर प्रशिक्षकों द्वारा आकर्षक नृत्य, गीत , एकांकी सहित कई कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये . सांस्कृतिक कार्यक्रम में ज्योति कुमारी, राखी कुमारी , अंशु प्रिया, अंजलि , आलोक, रवि कुमार, मुकेश कुमार , अभिषेक राज, सौरव कुमार , राजन कुमार, अर्चना कुमारी, कंचन कुमारी आदि विद्यार्थियों ने भाग लिया .

# समाज व राष्ट्र का आईना होते हैं शिक्षक : अध्यक्ष

## बीएड कालेज में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन

जागरण संवाददाता, औरंगाबाद : देव मोड़ स्थित भागवत प्रसाद सिंह मेमोरियल बीएड कालेज में मंगलवार को शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर बिहार नियोजन शिक्षक भर्ती में चयनित कालेज के पूर्व छात्रों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर कालेज के लगभग 200 छात्र उपस्थित रहे। कालेज के अध्यक्ष अभय कुमार सिंह ने कहा कि शिक्षक समाज व राष्ट्र का आईना हैं। प्रकृति का सृजन व प्रलय उसकी गोद में पलते हैं। साथ ही उन्होंने छात्रों को उनकी भविष्य के बारे में भी जानकारी दी। बताया कि कालेज के द्वारा नवनियुक्त शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र, मेडल प पेन देकर सम्मानित किया गया है।

बीते 29 अगस्त को आयोजित वाद विवाद प्रतियोगिता में पत्र व विपक्ष में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाल छात्रों को सम्मानित किया गया। इसमें प्रथम स्थान पर ज्योति कुमारी व स्वीटी कुमारी, द्वितीय स्थान पर अंशु प्रिया व तृतीय स्थान पर नेहा शबनम व रेणु कुमारी रहीं।

वहीं विपक्ष में प्रथम स्थान पर सौरभ कुमार, द्वितीय शिवशंकर व अंकित राज व तृतीय आलोक कुमार व आदित्य राज रहे हैं। सभी को सम्मानित किया गया। वहीं अध्यक्ष ने ईपीसी-1 के तहत आयोजित पाक प्रोग्राम के प्रशिक्षुओं को 500-500 रुपये का पुरस्कार दिया। नवनियुक्त शिक्षकों में अल्पना कुमारी, रेशम, मलका सदफ, हीना शबनम, आइशा नईम, रंजना, निधि, ईशिका, अनुराधा, जगन्नाथ, राजीव, ब्रजेश, अजय, दीपक, मो. दानिश, मो. अशद, शमशीर, विकास, पप्पू यादव शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन शिवकुमार व आभार वंदना कुमारी ने की। इस मौके पर कालेज के शिक्षक विकास सिंह, जयप्रकाश पाल, मोहन सिंह, आशीष पांडेय, राहुल कुमार, दीपक सिंह, मुकेश कुमार, अभय कुमार, ब्रजेंद्र कुमार व चंदन कुमार उपस्थित रहे।



सम्मानित नवनियुक्त शिक्षकों के साथ कालेज के अध्यक्ष एवं शिक्षक। • जागरण

## स्कूलों व कोचिंग संस्थानों में कार्यक्रम हुए आयोजित

# नवनियुक्त शिक्षकों को किया गया सम्मानित

प्रतिनिधि, मदनपुर

देव मोड़ स्थित श्रीभागवत प्रसाद सिंह मेमोरियल बीएड कॉलेज के बहुदेशीय भवन में कॉलेज प्रशासन द्वारा बिहार नियोजित शिक्षक भर्ती में चयनित कॉलेज के पूर्व छात्रों को शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित कर सम्मानित किया. कॉलेज के लगभग 200 छात्रों का शिक्षक में नियोजन हुआ है. कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया. कॉलेज के अध्यक्ष अभय कुमार सिंह ने कहा कि शिक्षक समाज व राष्ट्र का आईना है. प्रकृति का सृजन व प्रलय दोनों उनकी गोद में पलते हैं.




सम्मानित नवनियुक्त शिक्षकों के साथ कॉलेज के अध्यक्ष व अन्य अध्यापक .

**मेडल व प्रशस्ति पत्र पाकर खिल उठे चेहरे :** कॉलेज द्वारा नवनियुक्त शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र, मेडल व कलम देकर सम्मानित किया गया. कॉलेज के अध्यक्ष के हाथों सम्मान पाकर नवनियुक्त शिक्षकों के चेहरे खिल उठे. नवनियुक्त शिक्षकों में अल्पना कुमारी, रेशम कुमारी, मलका सदफ, हिना शबनम, आईशा नईम, रंजना, निधि, इशिका,अनुराधा, जगन्नाथ कुमार, राजीव ब्रजेश,अजय,दीपक,मो दानिश,मो अशद,शमशीर,विकास,पप्पू यादव सहित लगभग 200 शिक्षकों को सम्मानित किया गया.

**प्रतिभागियों को मिला प्रशस्ति पत्र व मेडल :** 29 अगस्त को आयोजित वाद -विवाद प्रतियोगिता में पक्ष व विपक्ष में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त छात्रों को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया, जिसमें पक्ष में प्रथम स्थान ज्योति कुमारी व स्वीटी कुमारी, द्वितीय स्थान पर अंशु प्रिया तथा तृतीय स्थान पर नेहा शबनम व रेणु कुमारी रही . वहीं विपक्ष में प्रथम स्थान पर सौरभ कुमार, द्वितीय स्थान पर शिवशंकर व अंकित राज ,तृतीय स्थान पर आलोक कुमार व आदित्य राज रहे, जिन्हें सम्मानित किया गया.

**नकद राशि देकर किया गया सम्मानित :** ईपीसी-01 के तहत आयोजित पाग प्रोग्राम के प्रशिक्षुओं को कॉलेज अध्यक्ष अभय सिंह द्वारा नकद राशि देकर सम्मानित किया गया. कार्यक्रम का संचालन प्राध्यापक शिव कुमार द्वारा किया गया. स्वागत भाषण विकास चौबे ने दिया तथा आभार वंदना कुमारी ने प्रकट किया. कार्यक्रम को सफल बनाने में कॉलेज के अन्य शिक्षकों में विकास सिंह, जयप्रकाश पाल, मोहन सिंह, आशीष पांडेय, राहुल कुमार, दीपक सिंह, मुकेश कुमार ,अभय कुमार ,ब्रजेंद्र कुमार व चंदन सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही.

# चयनित शिक्षकों को किया गया सम्मानित



समारोह में सम्मानित किए गए शिक्षक। • हिन्दुस्तान


**औरंगाबाद | हिन्दुस्तान प्रतिनिधि**

जिले के देव मोड़ स्थित भागवत प्रसाद सिंह मेमोरियल बीएड कॉलेज में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में कॉलेज के तकरीबन दो सौ ऐसे छात्रों ने भाग लिया जिनका चयन शिक्षक नियोजन में हुआ है। अध्यक्ष अभय कुमार सिंह ने इस पर हर्ष जताया और कहा कि इससे उनके छात्रों का भविष्य उज्जवल हुआ है। यहां वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन भी हुआ जिसमें चयनित प्रतिभागी ज्योति कुमारी, स्वीटी कुमारी, अंशु प्रिया, नेहा शबनम, रेणु कुमारी, सौरभ कुमार, शिव शंकर, अंकित राज, आलोक कुमार व आदित्य राज को सम्मानित किया गया।

सभा का संचालन शिवकुमार ने किया। इस मौके पर विकास चौबे, वंदना कुमारी, विकास सिंह, जयप्रकाश पाल, मोहन सिंह, आशीष पांडेय, राहुल कुमार, दीपक कुमार, मुकेश कुमार, अभय कुमार, बृजेंद्र कुमार, चंदन कुमार आदि थे। **बिन्यूज**

# बीएड की परीक्षा में पकड़े गये नौ नकलची

- श्रीभागवत प्रसाद सिंह मेमोरियल बीएड कॉलेज में रही है परीक्षा



परीक्षा देते छात्र-छात्राएं .

प्रतिनिधि, मदनपुर

देव मोड़ स्थित श्रीभागवत प्रसाद सिंह मेमोरियल बीएड कॉलेज में बीएड प्रथम वर्ष की इकाई परीक्षा सोमवार से प्रारंभ हो गया. कॉलेज के परीक्षा नियंत्रक जयप्रकाश पाल ने बताया कि इकाई परीक्षा दोनों पालियों में 13 से 16 सितंबर तक का आयोजित होगी. पहले दिन बीएड प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं का प्रथम व द्वितीय प्रश्न पत्र की परीक्षा हुई. 14 सितंबर को बीएड द्वितीय वर्ष के छात्र -छात्राओं की परीक्षा आयोजित होगी. परीक्षा के पहले दिन ही कॉलेज के उड़नदस्ता टीम ने परीक्षा में नौ नकलचियों को पकड़ा भी. कॉलेज के विभागाध्यक्ष विकास सिंह ने बताया कि पहले दिन कुल 200 परीक्षार्थियों में 165 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए व 35 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे. उन्होंने बताया कि जो परीक्षार्थी परीक्षा में अनुपस्थित है, उसके जिम्मेदार वे स्वयं होंगे. परीक्षा में शिवकुमार ,वंदना कुमारी, मोहन सिंह, दीपक सिंह, राहुल कुमार, विकास चौबे ,आशीष पांडेय ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी. कॉलेज के अध्यक्ष अभय कुमार सिंह ने बताया कि परीक्षा बिल्कुल अनुशासन पूर्ण एवं शांति तरीके से ली जा रही है. इस परीक्षा का मुख्य उद्देश्य छात्रों को भविष्य के लिए तैयार करना है.

# श्री भागवत प्रसाद सिंह मेमोरियल बीएड कॉलेज को वृक्षारोपण स्वछता एवं जागरूकता अभियान को लेकर मिला प्रथम पुरस्कार

## जिला पदाधिकारी ने कॉलेज अध्यक्ष अभय कुमार सिंह को किया सम्मानित

**कार्यालय संवाददाता**



**औरंगाबाद।** जिलें में प्रतिष्ठित बीएड कॉलेजों में एक श्री भागवत प्रसाद सिंह मोमोरियल बीएड कॉलेज को पूरे बिहार में पौधारोपण, स्वच्छता और जागरूकता अभियान को लेकर पहला पुरस्कार दिया गया है। सोमवार को जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल ने अपने कार्यालय कक्ष में कॉलेज के अध्यक्ष अभय कुमार सिंह को पुरस्कार से संबंधित पत्र देकर सम्मानित किया। पता चला कि पौधारोपण, स्वच्छता व जागरूकता अभियान को लेकर पूरे बिहार में 13 प्रशिक्षण संस्थानों का चयन हुआ था, जिसमें 12 संस्थान सरकारी थे। यानी की निजी शिक्षण संस्थानों में श्री भागवत प्रसाद सिंह मेमोरियल बीएड कॉलेज को उपलब्धि हासिल हुई है। डीएम ने कॉलेज के साथ-साथ अध्यक्ष व शिक्षकों व विद्यार्थियों की सराहना की। कहा कि ग्लोबल वार्मिंग से पूरे विश्व पर खतरा मडरा रहा है। ऐसे में कॉलेज द्वारा किया गया। पहल बेहत ही सराहनीय है। वैसे डिस्ट्रिक्ट ग्रिन चौंपियन सर्टिफिकेट भारत सरकार द्वारा जारी किया गया है। और इसी पुरस्कार से कॉलेज को नवाजा भी गया। ईधर जानकारी मिल कि पिछले दो वर्षों में कॉलेज अध्यक्ष के प्रयास से शिक्षकों व विद्यार्थियों ने विभिन्न जगहों पर 15 हजार से अधिक पौधे लगाए गए। यही नहीं पौधों की रखवाली भी की गई। दस हजार से अधिक पौधे कॉलेज द्वारा बांटे भी गए। इसके अलावे स्वच्छता अभियान भी चालया गया। शिक्षकों व विद्यार्थियों ने शहर से लेकर गांव-गांव तक हाजरों लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक क्रिया गया। अध्यक्ष ने बताया कि दो साल पहले तत्कालीन जिलाध्किारी राहुल रंजन और एसपी दीपक वर्णवाल ने कॉलेज से संबंधित अभियान की शुरूआत की थी। यह अभियान थमने वाला नहीं, बल्कि अब दोगुने उत्साह के इस अभियान को आगे बढ़ाया जायेगा।

03/05/2024 प्रभात खबर

# बीएड कॉलेज के छात्रों का परीक्षा में रहा जलवा

**मदनपुर.** प्रखंड के देव मोड़ स्थित श्रीभागवत प्रसाद सिंह मेमोरियल बीएड कॉलेज के प्रशिक्षुओं ने मगध विश्वविद्यालय बोधगया की बीएड सत्र 2022-24 के प्रथम वर्ष की परीक्षा में एक बार फिर परचम लहराया है. प्रियंका कुमारी 84.61 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रही. मो सहबाज आलम 84.30 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान और रौशन कुमार तथा सिमरन ने 83.84 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे. संस्थान के 10 प्रशिक्षुओं ने 83 प्रतिशत अंक प्राप्त किया. लगभग सभी प्रशिक्षु 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर परीक्षा में सफल हुए. संस्थान के निदेशक अभय कुमार सिंह ने सभी प्रशिक्षुओं के प्रति हर्ष जताया है.






जागरूकता. श्रीभागवत प्रसाद सिंह मेमोरियल बीएड कॉलेज में कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# नशामुक्ति को लेकर निकाली रैली

- पुनर्वास को लेकर किया गया जागरूक

प्रतिनिधि, मदनपुर

देव मोड़ स्थित श्रीभागवत प्रसाद सिंह मेमोरियल बीएड कॉलेज में मंगलवार को एनसीटीइ के भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के निर्देशानुसार नशा मुक्ति व पुनर्वास से संबंधित प्रशिक्षुओ द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इसके बाद प्रशिक्षुओ ने नशा मुक्ति और पुनर्वास को लेकर एक जागरूकता रैली निकाली. इस रैली में प्रशिक्षुओ ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और लोगों से नशा न करने की अपील की.




जागरूकता रैली में शामिल प्रशिक्षु.

बैनर पोस्टर के माध्यम से लोगों को जागरूक किया. कार्यक्रम के दौरान निबंध क्विज व पेंटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया. निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान ब्रह्मा कुमार को मिला, जबकि द्वितीय स्थान सोनाली कुमारी, राहुल कुमार व तृतीय स्थान साक्षी कुमारी ने प्राप्त किया. क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान निरज कुमार को, द्वितीय स्थान नवनीत कुमार ,महिमा सिंह, हर्षित कुमार, पंकज कुमार, सोनाली कुमारी एवं तृतीय स्थान विकास कुमार, कुंदन कुमार, आयुषी कुमारी को मिला. पेंटिंग प्रतियोगिता में सोनाली कुमारी अव्वल रही. सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया. प्रशिक्षुओ व प्राध्यापकों ने नशामुक्त भारत अभियान को सफल बनाने के लिए शपथ भी लिया. प्रशिक्षुओ को संबोधित करते हुए कॉलेज के अध्यक्ष अभय कुमार सिंह ने कहा कि नशा समाज को खोखला कर देता है. जो लोग नशा बेचने का काम करते हैं, वह समाज के दुश्मन है. उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी देश के विकास में बड़ी भूमिका अदा करती है. अगर युवा नशे के गर्त में चले जायेंगे, तो देश की तरक्की में बाधा बन जायेंगे. नशा मुक्त भारत अभियान में हर व्यक्ति को योगदान देते हुए सरकार का सहयोग करना चाहिए. इस दौरान कॉलेज के प्राध्यापक जयप्रकाश पाल, दीपक कुमार सिंह, अभिषेक मिश्रा, राहुल सिंह, चंदन सिंह, मुकेश कुमार सिंह, मोहन सिंह, रोशन कुमार सिंह शामिल थे.

प्रभात खबर - 17/07/2024

**नया पौधा-नया जीवन : प्रभात खबर के अभियान की सराहना, छात्राओं ने पौधा लगाने की ली शपथ**

# एक-एक पौधा पर्यावरण संरक्षित करने के लिए लाभदायक : बीडीओ

» औरंगाबाद जिले के तमाम लोगों से प्रभात खबर अपील करता है कि धरती को विनाश से बचाने के लिए पौधारोपण को बढ़ावा दें और पौधों को पेड़ होने तक उन पर निगरानी रखें.

**प्रभात खबर**
**नया पौधा नया जीवन**
आओ धरती का श्रृंगार करें

प्रतिनिधि, औरंगाबाद कार्यालय

**पर्यावरण** की मार झेल रहे दुनिया को बचाने के लिए धरती पर हरियाली आवश्यक है. विनाश के कगार पर पहुंच चुके धरती के साथ-साथ जीव-जंतुओं को बचाने के लिए पेड़-पौधों को लगाने की जरूरत आ पड़ी है. इसे एक अभियान के तौर पर लेना होगा. प्रभात खबर ने इस अभियान की शुरुआत की है. औरंगाबाद जिले के तमाम लोगों से प्रभात खबर अपील करता है कि धरती को विनाश से बचाने के लिए पौधारोपण को बढ़ावा दें और पौधों को पेड़ होने तक उन पर निगरानी रखें. प्रभात खबर का नया पौधा-नया जीवन अभियान लगातार जारी है. विभिन्न विद्यालयों से होते हुए कारवां मंगलवार को देव मोड़ स्थित श्रीभागवत प्रसाद सिंह मेमोरियल बीएड कॉलेज पहुंचा. यहां दर्जनों की संख्या में पौधे लगाये गये. इस अभियान में अतिथि के तौर पर मदनपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी अवतुल्य कुमार आर्य, कॉलेज के अध्यक्ष अभय कुमार सिंह एवं डॉक्टर आयुष्मान शामिल हुए. अतिथियों के साथ-साथ शिक्षिकाओं व छात्राओं ने पौधारोपण किया. अभियान में आंवला, कदम, अमरूद, आम व आम के दर्जनों पौधे लगाये गये. प्रभात खबर द्वारा उपलब्ध कराये गये इन पौधों को सुरक्षित रखने व देखभाल करने की जिम्मेदारी छात्र-छात्राओं ने संकल्पित भावना से [illegible] छात्राओं को एक-एक पौधे लगाने का शपथ भी दिलाया.



पौधे लगाती शिक्षिकाएं.



पौधारोपण करते बीडीओ अवतुल्य कुमार आर्य व कॉलेज के अध्यक्ष अभय सिंह.

## जीवन बचाने के लिए पौधारोपण आवश्यक

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी अवतुल्य कुमार आर्य ने कहा की एक-एक पौधा पर्यावरण संरक्षित करने के लिए लाभदायक है. पेड़ से निकलने वाले ऑक्सीजन से लोग जिंदा है. अगर पेड़ पौधे पृथ्वी पर न हो तो जीवन काफी मुश्किल भरा होगा. पृथ्वी पर पेड़ के बिना जीना नामुमकिन है. उन्होंने प्रभात खबर के नया पौधा- नया जीवन अभियान की तारीफ की.



शपथ लेती छात्राएं.

**वरदान साबित होगा अभियान : अभय :** कॉलेज के अध्यक्ष अभय कुमार सिंह ने कहा कि प्रभात खबर का यह अभियान लोगों के लिए वरदान साबित होगा. लोग जागरूक होकर पौधा लगाना शुरू कर देंगे. देखते ही देखते पर्यावरण संरक्षित होगा. क्योंकि, पेड़ पर्यावरण को आक्सीजन प्रदान करते हैं और हवा की गुणवत्ता को बेहतर बनाता है यदि अधिक मात्रा में पौधा लगाया जाए तो लोग सुरक्षित रहेंगे. पौधारोपण से प्रदूषण भी कम होता है जिससे आने वाली पीढ़ियों का जीवन सुरक्षित रहेगा. डॉ आयुष्मान ने प्रभात खबर के अभियान पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि प्रभात खबर संदेश देने के लिए अभियान चला रहा है. इसे आगे बढ़ाने की हम लोगों की जिम्मेदारी है. पेड़ पौधे की रक्षा में ही हमारी रक्षा है. मौके पर अनिल सिंह, जयप्रकाश पाल, दीपक सिंह, मोहन सिंह, आयुष कुमार व छात्र-छात्राएं मौजूद थे.